Adda247

GET IT ON Google Play

# UP SI Online Exam 21 Dec 3rd Shift

## भाग 1 सामान्य हिन्दी

1. हिन्दी की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से मानी जाती है?
(a) ब्रज (b) ब्राचड़ (c) शौरसेनी (d) मगधी

2. 'गौ' शब्द का वचन पहचानिए।
(a) सदा बहुवचन (b) एकवचन
(c) सदा एकवचन (d) बहुवचन

3. उत्साह वास्तव में ... और ... की मिली-जुली अनुभूति है। शुक्ल जी के इस कथन को पूर्ण कीजिए।
(a) कर्म और मन (b) मन और कर्म
(c) फल और कर्म (d) कर्म और फल

4. कठिन कार्य में सफलता प्राप्त करना–इस वाक्य के लिए उचित मुहावरा चुनिए।
(a) जान हथेली पर रखना (b) छक्के छुड़ाना
(c) गढ़ जीत लेना (d) गंगा नहाना

5. कवि का सही बहुवचन रूप बताइए।
(a) कविवर्ग (b) कविगण
(c) कविजन (d) कविवृंद

6. रामू की तो ऐसी आदत हो गई है कि ''गोदी में बैठकर दाढ़ी नोचे।'' वाक्य में प्रयुक्त लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) व्यर्थ की डींगे हाँकना (b) भलाई पर भी दुष्टता
(c) बातें करते रहना (d) परेशान करना

7. ''प्रेरणा, स्टूडियो जाएगी''– में काल का भेद बताइए।
(a) अपूर्ण वर्तमान काल (b) सामान्य वर्तमान काल
(c) सामान्य भविष्य काल (d) संभाव्य भविष्य काल

8. जहाँ एक शब्द से अनेक अर्थ निकलें, वह कौन-सा अलंकार है?
(a) रूपक (b) अनुप्रास (c) श्लेष (d) उपमा

9. इनमें से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग की पहचान नहीं करवाता?
(a) भाषाएँ (b) देश (c) नदियाँ (d) बोलियाँ

10. ''तीन बेर खाती थी, तीन बेर खाती है''– यह किस अलंकार का उदाहरण है?
(a) उपमा (b) श्लेष (c) वक्रोक्ति (d) यमक

11. ''इलाहाबादी अमरूद मीठे होते हैं।'' यहाँ क्या विशेषता बताई जा रही है?
(a) दशा (b) गंध (c) स्वाद (d) स्थान

12. कहानी शब्द का बहुवचन क्या है?
(a) कहानीयाँ (b) कहानियाँ
(c) कहानी (d) काहिनयों

13. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द छाँटिए।
(a) आभीराम (b) अभीराम (c) अभिराम (d) अभिरम

14. 'आँचलिक उपन्यासकार' की संज्ञा इनमें से किसे दी गई है?
(a) यशपाल (b) जैनेंद्र
(c) रामवृक्ष बेनीपुरी (d) फणीश्वरनाथ रेणु

15. बीजक के रचनाकार कौन हैं?
(a) रसखान (b) तुलसी (c) रहीम (d) कबीर

16. 'बन्धन' शब्द का उचित विलोम शब्द कौन-सा है?
(a) स्वतन्त्र (b) कैद (c) मुक्ति (d) बंदी

17. ''जौ खग हो तो बसेरो करौं मिली कालिंदी फूल ...... की डाल।'' रिक्त स्थान के लिए सही शब्द चुनिए।
(a) निम (b) पात (c) छाँव (d) कदम्ब

18. अज्ञेय जी को किस कृति पर भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?
(a) महावृक्ष के नीचे (b) बावरा अहेरी
(c) कितनी नावों में कितनी बार (d) क्योंकि मैं उसे जानता हूँ

19. संयोग शब्द में उपसर्ग एवं मूल शब्द कौन-से हैं?
(a) सः + योग (b) स + योग
(c) सम् + योग (d) सन् + योग

20. निम्न में से अनुपयुक्त समानार्थी जोड़ा पहचानिए।
(a) बादल-नीर (b) केश-बाल
(c) केला-कदली (d) द्रव्य-वित्त

21. ''आँख खोलि देखों तो न ......... है न .........।'' कवि देव की इस पंक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
(a) साहिब-मुसाहिब (b) मदन-महीप
(c) घन-घनश्याम (d) भगत-भगवन

22. उषा उदास आती है– में कौन-सा अलंकार है?
(a) मानवीकरण (b) उपमा
(c) संदेह (d) विभावना

23. हमारा समाज उन्नति के पथ में है– इस वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?
(a) वचन (b) कारक (c) संज्ञा (d) लिंग

24. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य पहचानिए।
(a) ~~उसे जल्दी घर जाना था~~ (b) मुझे वहाँ नहीं जाना है
(c) वे लोग जा रहे हैं (d) पिता ने मेरे से कहा

25. सन्धि के तीन भेद होते हैं–स्वर सन्धि, ......... सन्धि और .........सन्धि।
(a) व्यंजन, विसर्ग (b) यण, अयादि
(c) व्यंजन, यण (d) अयादि, व्यंजन

26. सौमित्र शब्द निम्न में से किसका समानार्थी है?
(a) लक्ष्मण (b) अर्जुन
(c) भीम (d) राम

Adda247

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play



**निर्देश (प्रश्न संख्या 27-29) : गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

विज्ञापन आज के औद्योगिक युग में बहुत महत्त्व रखते हैं। व्यापारी के नजरिए से भी आम जनता के दृष्टिकोण से भी। विज्ञापन व्यापारी को लाभ देने के प्रयत्न हेतु तैयार किये जाते हैं। जबकि विज्ञापनों पर होने वाला सम्पूर्ण खर्च उपभोक्ताओं पर ही परोक्ष रूप से पड़ता है। वस्तु की लागत बढ़ जाने से उसके मूल्य में भी वृद्धि हो जाती है।

**27. किसके द्वारा उपभोक्ताओं का परोक्ष रूप से शोषण किया जा रहा है?**
(a) विज्ञापन (b) वस्तु (c) कर्ज (d) व्यापारी

**28. विज्ञापन किसके लिए लाभदायक है?**
(a) बाजार (b) व्यापारी
(c) आर्थिक लाभ (d) उपभोक्ता

**29. आज के औद्योगिक युग में किसका महत्त्व बढ़ता जा रहा है?**
(a) विज्ञापनों के प्रचार प्रसार का (b) वस्तुओं की गुणवत्ता का
(c) वस्तुओं की लागत का (d) वस्तुओं के मूल्य का

**30. श्रीलाल शुक्ल को उनकी किस कृति पर व्यास सम्मान प्रदान किया गया ?**
(a) आदमी (b) सीमाएँ टूटती हैं
(c) अज्ञातवास (d) विश्रामपुर का संत

**31. ''मुद्रित महीपति मन्दिर आए। सेवक सचिव सुमंत्र बुलाए।'' पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार बताइए।**
(a) अनुप्रास (b) वक्रोक्ति (c) यमक (d) श्लेष

**32. मोक्ष की इच्छा रखने वाला क्या कहलाता है?**
(a) कर्मठ (b) मुमुक्षु (c) उत्सुक (d) जिज्ञासु

**33. एक तो करेला .........। लोकोक्ति पूर्ण करें।**
(a) दूजा भांग चढ़ा (b) दूजा पेड़ चढ़ा
(c) दूजा पेड़ भला (d) दूजा नीम चढ़ा

**34. उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें। 'दो सौ .........वैष्णन की वार्ता, के रचनाकार गोकुलदास हैं।**
(a) हजार (b) तीस (c) पचास (d) बावन

**35. सिक्का जमाना मुहावरे का अर्थ क्या है?**
(a) सफलता प्राप्त करना (b) प्रभाव स्थापित करना
(c) कड़ी टक्कर देना (d) जीत जाना

**36. विशेषण की विशेषता बताने वाला शब्द क्या कहलाता है?**
(a) विधेय विशेषण (b) प्रविशेषण
(c) क्रिया विशेषण (d) उद्देश्य विशेषण

**37. निम्न में कौन-सा कोकिल का समानार्थी शब्द नहीं है?**
(a) पिक (b) मधुकरी (c) कोयल (d) श्यामा

**38. ''हमारा भावी जीवन नि:संदेह उज्जवल होगा।'' में रेखांकित शब्द का विलोम बताइए।**
(a) पूर्व (b) अतीत (c) भविष्य (d) वर्तमान

**39. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा कथन अशुद्ध है?**
(a) हमारे पास समय कम है (b) कल लोगों की भीड़ जमेगी
(c) कहाँ जाना है?
(d) शायद बारिश हो रही है

**40. भवानी शब्द का पुल्लिंग शब्द क्या है?**
(a) भगवती (b) भव (c) भवानी (d) भगवान

## भाग 2 मूलविधि एवं संविधान/सामान्य अध्ययन

**41. जीवन का संरक्षण और व्यक्तिगत आजादी, ......... मौलिक अधिकार के अंग हैं।**
(a) समानता के (b) शोषण के खिलाफ
(c) संवैधानिक उपायों के (d) स्वतन्त्रता के

**42. .........भारत सरकार के राजस्व और व्यय के लेखा-परीक्षा के लिए भारत की संसद द्वारा गठित संसद के चयनित सदस्यों की एक समिति है।**
(a) लोक लेखा समिति (पीएसी)
(b) भारतीय नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी)
(c) सार्वजनिक उपक्रमों पर समिति
(d) वित्त आयोग

**43. मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल ......... वर्ष का होता है, या .........वर्ष की उम्र तक, जो भी पहले हो।**
(a) छ:, 70 (b) छ:, 65
(c) पाँच, 65 (d) पाँच, 70

**44. ''यह इस सभा का प्रयोजन है कि भविष्य में विधायिका और कार्यकारिणी दोनों को ही इस भाग में अधनियमित इन सिद्धान्तों के लिए, केवल आडम्बर नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें उन सभी कार्यकारिणी और विधायी कार्यवाहियों का आधार बनाया जाना चाहिए जिन्हें आगे चलकर देश के शासन के मामले में प्रयोग किया जा सकता है।'' राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्तों के बारे में ये शब्द ......... द्वारा कहे गए हैं।**
(a) डॉ० भीमराव अम्बेडकर (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) सरदार वल्लभभाई पटेल (d) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

**45. .........अपकृत्य कानून में एक महत्त्वपूर्ण मामला था और ''पूर्ण देयता'' नियम के सिद्धान्त को प्रस्तुत करने का एक कारण था।**
(a) एम०सी० मेहता बनाम भारत संघ
(b) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
(c) लाल बिहारी बनाम बिहार राज्य
(d) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य

**46. 10 अक्टूबर, 2017 को कृषि और किसान कल्याण मन्त्री कौन थे?**
(a) राधा मोहन सिंह (b) प्रकाश जावड़ेकर
(c) एस०एस० अहलूवालिया (d) रविशंकर प्रसाद

**47. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, भारत की आबादी का क्रमशः ......... हैं (2011 की जनगणना के अनुसार)।**
(a) 18.4% और 10.2%
(b) 16.6% और 8.6%
(c) 16.1% और 10.2%
(d) 21.3% और 9.4%

**48. ......... वार्षिक तौर पर देशों की श्रेणी निर्धारित करते समय, उनके अनुमानित भ्रष्टाचार के स्तर के आधार पर, जैसा कि विशेषज्ञ आकलन और अभिमत सर्वेक्षण द्वारा निर्धारित किया जाता है, भ्रष्टाचार बोध सूचक (सीपीआई) प्रकाशित करता है।**
(a) ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल
(b) प्रतियोगिता आयोग
(c) केन्द्रीय सतर्कता आयोग
(d) संयुक्त राष्ट्र

Adda247

GET IT ON Google Play



**49.** **निम्नलिखित में से कौन, केन्द्रीय मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) की नियुक्ति समिति का एक हिस्सा होता है? (P) प्रधानमन्त्री (Q) लोकसभा में विपक्ष के नेता (R) भारत के मुख्य न्यायाधीश (S) भारत के राष्ट्रपति**

(a) केवल Q, R और S (b) केवल P और Q
(c) केवल P, Q और S (d) केवल P और S

**50.** **निम्नलिखित फिल्मों में से किसमें अपने प्रदर्शन के लिए अक्षय कुमार ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता के लिए 64वाँ राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता?**

(a) ब्रदर्स (b) गब्बर इज बैक
(c) एयरलिफ्ट (d) रुस्तम

**51.** **किसी राज्य की कानून बनाने की शक्तियों के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा सही है? (P) जब, राज्य सूची में सूचीबद्ध किसी भी मामले में पर संसद को कानून बनाने के लिए समर्थ बनाने हेतु, दो या अधिक राज्य अपने सम्बन्धित विधानमण्डलों में अपनी सहमति देते हैं और उसी के लिए प्रस्तावों को पारित करते हैं। (Q) ऐसा कोई कानून केवल उन्हीं राज्यों पर लागू होगा जिन्होंने ऐसे प्रस्ताव पारित किए हैं, न कि सभी राज्यों पर।**

(a) P और Q दोनों (b) न तो P और न ही Q
(c) केवल P (d) केवल Q

**52.** **बँटाईदारों के नाम दर्ज करने के लिए, ऑपरेशन बरगा पूरे ग्रामीण .........में एक भूमि सुधार आंदोलन था। इसने बँटाईदारों को, जमींदारों द्वारा निष्कासन के खिलाफ कानूनी संरक्षण प्रदान किया और उन्हें उपज के उचित हिस्से का हकदार बनाया।**

(a) पश्चिम बंगाल (b) आंध्र प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) पंजाब

**53.** **1993 में लागू हुए संवैधानिक (.........) अधिनियम का गठन, राज्य स्तर या राष्ट्रीय स्तर की तरह ही जमीनी स्तर पर भी लोकतंत्र की स्थापना करने के लिए, संवैधानिक स्वीकृति प्रदान करने के लिए किया गया था।**

(a) 73वाँ संशोधन (b) 100वाँ संशोधन
(c) 99वाँ संशोधन (d) 92वाँ संशोधन

**54.** **ग्राम पंचायतों के सदस्यों का कार्यकाल ......... साल का होता है।**

(a) छ: (b) पाँच (c) चार (d) तीन

**55.** **इनमें से कौन-सा शब्द सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा-3, जो कि इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डों के प्रमाणीकरण से सम्बन्धित है, के साथ नहीं जुड़ा हुआ है?**

(a) पब्लिक की (कुंजी) (b) हैश फंक्शन
(c) प्राइवेट की (कुंजी) (d) विजेट

**56.** **भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद केन्द्र और राज्य के बीच विधायी शक्तियों के वितरण को निरस्त करता है, और किसी भी दूसरे देश के साथ किसी कारनामे, समझौते या संधिपत्र को लागू करने के लिए पूरे भारत के लिए किसी भी कानून को बनाने के लिए केन्द्र को अधिकार देता है?**

(a) अनुच्छेद-253 (b) अनुच्छेद-249
(c) अनुच्छेद-247 (d) अनुच्छेद-245

**57.** **निम्न में से कौन-सा/से वितरण कार्यकलाप कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा किया जाता है/किए जाते हैं? (P) भर्ती (Q) प्रशिक्षण (R) सेवानिवृत्ति उपरान्त वितरण?**

(a) P, Q और R सभी (b) केवल P
(c) केवल P और Q (d) केवल R

**58.** **वैदिक काल में निम्नलिखित में से किस अनाज के लिए वृहि शब्द का प्रयोग किया जाता था?**

(a) गेहूँ (b) मक्का
(c) जौ (d) चावल

**59.** **इस ट्रैफिक चिह्न का क्या अर्थ है?**



(a) आगे फर्नीचर की दुकानें (b) अस्पताल
(c) विश्राम स्थल (d) आवासीय क्षेत्र

**60.** **भारतीय निर्यात संगठनों के संघ (एफआईईओ) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

(a) निर्यात भवन, नई दिल्ली (b) सेवा भवन, नई दिल्ली
(c) पर्यावरण भवन, नई दिल्ली (d) राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

**61.** **कैप्टन जेम्स कुक द्वारा निम्न में से किस महाद्वीप की खोज की गई थी?**

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) यूरोप
(c) अफ्रीका (d) अंटार्कटिका

**62.** **केन्द्र और राज्यों के बीच विधायी विषयों के वितरण के बारे में निम्न में से कौन-सा सही है? (P) संघ सूची में दिए गए विषयों पर केवल केन्द्रीय सरकार ही कानून बना सकती है। (Q) राज्य सूची में दिए गए विषयों पर संघ और राज्य सरकार दोनों ही कानून बना सकती है।**

(a) P और Q दोनों (b) केवल Q
(c) ना तो P और ना ही Q (d) केवल P

**63.** **निम्नलिखित में से किसको ऊर्जा के अक्षय स्रोतों के रूप में वर्गीकृत किया गया है? (i) सौर, (ii) भूतापीय, (iii) पवन ऊर्जा, (iv) प्राकृतिक गैस।**

(a) (i), (ii), और (iii) केवल
(b) (i), (ii), (iii) और (iv) सभी
(c) (i) और (ii) केवल
(d) (i), (iii) और (iv) केवल

**64.** **किस प्रकार का वायरस वर्ड, एक्सेल, पावर पॉइंट और अन्य डेटा फाइलों को संक्रमित करता है?**

(a) पॉलीमौर्फिक वायरस
(b) स्टेल्थ वायरस
(c) मैक्रो वायरस
(d) बहुपक्षीय (मल्टीपाटईट) वायरस

**65.** **कौन-सा प्राधिकरण/प्राधिकारी भारत के उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया का संचालन करता है?**

(a) भारत का चुनाव आयोग
(b) राष्ट्रपति या उनकी अनुपस्थिति में, राज्यसभा के उपाध्यक्ष
(c) सर्वोच्च न्यायालय
(d) भारत के मुख्य न्यायाधीश

**66.** **पोलियो टीके के लिए नैनोपैच का आविष्कार किसने किया?**

(a) सल्मन वाक्समैन (b) मार्क केंडल
(c) जोनास सॉल्क (d) लिनस पॉलिंग

**67. निम्न में से किसको मौलिक अधिकार से कानूनी अधिकार में परिवर्तित किया गया है?**
(a) निजता का अधिकार (b) मत देने का अधिकार
(c) समानता का अधिकार (d) सम्पत्ति का अधिकार

**68. निम्नलिखित प्रकार की विषाक्तता में से किसको पलंबिस्म भी कहा जाता है?**
(a) फास्फोरस विषाक्तता (b) संखिया (आर्सेनिक) विषाक्तता
(c) प्लूटोनियम विषाक्तता (d) सीसा विषाक्ता

**69. विदेशी भूमि में तैनात राजदूत और उच्चायुक्त ......... का प्रतिनिधित्व करते हैं।**
(a) मन्त्रिमण्डल (b) संसद
(c) प्रधानमन्त्री (d) राष्ट्रपति

**70. निम्न में से कौन-सा संगठन, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर दुनिया भर में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) में रुझानों की रिपोर्ट प्रकाशित करता है?**
(a) अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापार संगठन
(b) संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन
(c) विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ)
(d) विदेशी निवेशी संवर्धन बोर्ड

**71. ......... अपकृत्य कानून में एक महत्त्वपूर्ण मामला था और पूर्ण देयता नियम के सिद्धान्त को प्रस्तुत करने का एक कारण था।**
(a) 25000 (b) 15000 (c) 30000 (d) 20000

**72. भारतीय दण्ड संहिता (आईपीसी) की धारा-146 के अनुसार, जब भी गैरकानूनी जनसमूह द्वारा या उसके किसी भी सदस्य द्वारा बल या हिंसा का प्रयोग किया जाता है, ऐसे जनसमूह के आम उद्देश्य के अभियोजन में, तो ऐसे जनसमूह का हर सदस्य ......... के अपराध का दोषी होता है।**
(a) विद्रोह (राजद्रोह) (b) दंगे
(c) आतंक (d) पीछा करने

**73. निम्न में से कौन-सा संगठन इस नीतिवचन में विश्वास करता है कि ''अंधेरे को कोसने की बजाय एक मोमबत्ती जला देना बेहतर है?''**
(a) राष्ट्रीय मानवाधिकर आयोग (एनएचआरसी)
(b) ग्रीनपीस
(c) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय
(d) एमनेस्टी इंटरनेशनल

**74. निम्न व्यक्तियों में से किसने 17 नवम्बर 1932 को लन्दन में आयोजित तीसरे गोलमेज-सम्मेलन में मुस्लिमों के लिए भारत भूमि से विशेष रूप से अलग किए गए नए भूमि के हिस्से का नाम पाकिस्तान प्रस्तावित किया?**
(a) मोहम्मद इकबाल (b) चौधरी रहमत अली
(c) मोहम्मद अली जिन्ना (d) अबुल कलाम आजाद

**75. लघु हिमालय और बाहरी हिमालय के बीच सपाट घाटियों को किन नामों से जाना जाता है?**
(a) मध्य पहाड़ी मैदान (b) लघु घाटी
(c) दून (d) अरावली पठार

**76. ......... एक प्रबन्धन संस्थान है जो रक्षा मंत्रायल द्वारा प्रायोजित है, जिसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के चयनित अधिकारियों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।**
(a) उन्नत प्रोद्यौगिकी रक्षा संस्थान
(b) राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी)
(c) रक्षा प्रबन्धन कॉलेज (सीडीएम)
(d) राष्ट्रीय सामरिक एवं सुरक्षा प्रबन्धन संस्थान

**77. बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम (बिम्सटेक) की मंत्रिसतरीय बैठक का 15वाँ भाग निम्नलिखित शहरों में से किसमें आयोजित किया गया था?**
(a) नई दिल्ली, भारत (b) नायिपिडॉ, म्यांमार
(c) काठमांडू, नेपाल (d) बैंकाक, थाईलैंड

**78. संविधान के अनुच्छेद ... के तहत सर्वोच्च न्यायालय में और संविधान के अनुच्छेद ...के तहत किसी राज्य के उच्च न्यायालय में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की जा सकती है।**
(a) 32, 216 (b) 32, 226
(c) 14, 216 (d) 16, 226

**79. किस कम्पनी को गोल्डन पीकॉक पर्यावरण प्रबन्धन पुरस्कार 2017 प्रदान किया गया था?**
(a) हिन्दुस्तान कोका-कोला (b) एबीबी
(c) डैनफॉस इंडिया (d) टीवीएस मोटर्स

**80. जब जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत की राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि की स्थापना की गई थी, तब भारत के वित्त मन्त्री कौन थे?**
(a) पी चिन्दबरम (b) प्रणब मुखर्जी
(c) मनमोहन सिंह (d) अरुण जेटली

## भाग 3 संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण

81. शब्द 'ADMISSION' के सभी अक्षरों को कितने तरीके से इस तरह दोबारा व्यवस्थित किया जा सकता है कि सभी स्वर एक साथ आते हों?
(a) 7560 (b) 4320
(c) 50400 (d) 720

82. एक व्यक्ति ने ₹ 2000 में दो शर्ट खरीदीं। यदि वह एक शर्ट को 20% के लाभ पर और दूसरी को 80% के लाभ पर बेचता है, तो दोनों शर्ट का बिक्री मूल्य बराबर होता है। लेकिन अगर वह पहली शर्ट को 30% के लाभ पर और दूसरी शर्ट को 25% के लाभ पर बेचता है, तो दोनों शर्ट के बिक्री मूल्यों का योग कितना है?
(a) ₹ 2,720 (b) ₹ 2,560
(c) ₹ 2,440 (d) ₹ 2,840

83. 100 मीटर की लम्बाई वाली ट्रेन $A$ स्टेशन $X$ से शुरू होती है और 4 घण्टे में स्टेशन $Y$ तक पहुँचती है, जो स्टेशन $X$ से 320 किमी दूर है, और 9 सेकण्ड में दूसरी ट्रेन $B$ को पार कर जाती है, जो स्टेशन $Y$ पर खड़ी है। ट्रेन $B$ की लम्बाई क्या है?
(a) 200 मी (b) 130 मी (c) 100 मी (d) 150 मी

84. एक निश्चित राशि पर साधारण ब्याज प्रति वर्ष 6% की दर से 10 महीने का लिए ₹ 400 है। मूल राशि का पता लगाएँ।
(a) ₹ 6,800 (b) ₹ 7,500
(c) ₹ 8,000 (d) ₹ 8,800

85. एक दुकानदार एक वस्तु की अंकित कीमत पर 10% की छूट देता है और फिर भी 12.5% का लाभ पाता है, जो कि ₹25 है। वस्तु की अंकित कीमत ज्ञात करें।
(a) ₹ 200 (b) ₹ 250 (c) ₹ 225 (d) ₹ 150

Adda247 GET IT ON Google Play



**86.** शराब और पानी के 60 लीटर मिश्रण में 20% पानी है। यदि इस मिश्रण का 20 लीटर बाहर निकाला जाता है और फिर शेष मिश्रण में 8 लीटर शराब मिलाई जाती है, तो अंतिम मिश्रण में पानी का प्रतिशत कितना है?
(a) 15.67% (b) 25.67% (c) 16.67% (d) 30.00%

**87.** निम्न में से कौन-से भिन्न का मान निम्नतम है?
3/5, 4/6, 5/7, 9/9, 9/11
(a) 5/7 (b) 7/9 (c) 4/6 (d) 3/5

**88.** यदि 9 मई, 2013 को गुरुवार है, तो 7 मई 2010 को क्या दिन होगा?
(a) गुरुवार (b) शुक्रवार (c) शनिवार (d) बुधवार

**89.** $A$ और $B$ का योग क्या है, जहाँ $A$ तीन अंकों की एक संख्या का 75% है, जो 44 और 55 के महत्तम समापवर्तक का बीस गुना है और $B$, 25 का वर्ग है?
(a) 740 (b) 780 (c) 790 (d) 750

**90.** एक सत्र परीक्षा में तमिल, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक ज्ञान और गणित में एबी के अंक क्रमशः 72, 70, 80, 90 और $x$ थे। यदि सत्र परीक्षा में औसत अंक 80 थे, तो गणित में एबी ने कितने अंक प्राप्त किए?
(a) 70 (b) 88 (c) 77 (d) 85

**91.** 250 का कितना प्रतिशत 700 होता है?
(a) 280 (b) 230 (c) 270 (d) 250

**92.** एक त्रिकोण में, एक भुजा की लम्बाई 5 सेमी है और दूसरी दो भुजाओं की लम्बाई के बीच का अन्तर 1 सेमी है। यदि त्रिकोण की परिधि 20 सेमी है, तो उसके क्षेत्रफल का पता लगाएँ।
(a) $14\sqrt{3}$ सेमी$^2$ (b) $10\sqrt{3}$ सेमी$^2$
(c) $13\sqrt{3}$ सेमी$^2$ (d) $12\sqrt{3}$ सेमी$^2$

**93.** एक व्यक्ति ने प्रतिवर्ष 5% की दर से चक्रवृद्धि ब्याज पर ₹80000 की राशि का निवेश किया। अगर संचित ब्याज ₹8,200 है, तो वर्षों में समय अवधि कितनी हुई?
(a) 2 (b) 1 (c) 4 (d) 3

**94.** दो बाइक, क्रमशः 24 किमी/घण्टा और 18 किमी/घण्टा की गति पर एक ही बिन्दु से शुरू करती हैं और एक ही गंतव्य तक पहुँचती हैं। अगर दूरी 360 किमी है, तो तेज बाइक धीमी बाइक से कितने घण्टे पहले गंतव्य पर पहुँचेगी?
(a) 8 घण्टे (b) 7 घण्टे
(c) 3 घण्टे (d) 5 घण्टे

**95.** $A$, $B$ और $C$ अलग-अलग तौर पर क्रमशः 15, 20 और 12 दिनों में एक काम को पूरा कर सकते हैं। $A$, $B$ और $C$ ने एक साथ काम शुरू किया था लेकिन $A$ ने काम के पूरा होने के 6 दिन पहले छोड़ दिया और $B$ ने 4 दिन पहले छोड़ दिया। यदि कुल काम के लिए ₹1500 का वेतन दिया गया है, तो फिर $A$ और $B$ का कुल हिस्सा कितना है?
(a) ₹ 500 (b) ₹ 1300
(c) ₹ 1150 (d) ₹ 1100

**96.** एक बेकरी चार ग्राहकों $A, B, C$ और $D$ को $4:b:6:3$ के अनुपात में 90 किलो मिठाई वितरित करती है। अगर $C$ का हिस्सा $D$ के हिस्से से 15 किलो अधिक है तो $B$ और $D$ के हिस्सों में क्या अनुपात है?
(a) 5 : 6 (b) 5 : 3 (c) 3 : 5 (d) 5 : 4

**निर्देश (प्र. सं. 97-99) :** निम्नलिखित तालिका का अध्ययन करें और दिए गए सवालों के जवाब दें

ये तालिका उन उम्मीदवारों की संख्या को दर्शाती है, जिन्होंने अलग-अलग वर्षों में अलग-अलग राज्यों से सरकारी परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

| राज्य / वर्ष | आंध्र प्रदेश | दिल्ली | बिहार | मध्य प्रदेश | उत्तर प्रदेश |
|---|---|---|---|---|---|
| 2012 | 3378 | 4536 | 3549 | 2848 | 3929 |
| 2013 | 2322 | 3727 | 3584 | 2378 | 3988 |
| 2014 | 4281 | 4567 | 4958 | 3482 | 4111 |
| 2015 | 5263 | 5342 | 4221 | 3489 | 4677 |
| 2016 | 6848 | 6566 | 5903 | 5902 | 5899 |

**97.** 2012 में दिल्ली से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों की संख्या और 2015 में मध्य प्रदेश से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों की संख्या के बीच अन्तर कितना है?
(a) 1098 (b) 1122 (c) 1047 (d) 989

**98.** 2013 में आंध्र प्रदेश एवं बिहार से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों की संख्या का औसत और 2016 में दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों की संख्या के औसत का योग कितना है?
(a) 9190.5 (b) 9185.50 (c) 9180.00 (d) 9304.00

**99.** यदि 2014 में आंध्र प्रदेश से परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मदीदवारों की संख्या 85000 है, तो 2014 में आंध्र प्रदेश से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों की संख्या 2014 में आंध्र प्रदेश से परीक्षा उत्तीर्ण न करने वाले उम्मीदवारों की संख्या का कितना प्रतिशत है?
(a) 4.90% (b) 5.30% (c) 5.10% (d) 6.20%

**100.** यदि एक संख्या का तीन/छठा हिस्सा उसी संख्या में जोड़ा जाता है, तो परिणामी संख्या 54 होती है। मूल संख्या क्या है?
(a) 45 (b) 36 (c) 60 (d) 27

**101.** एक गुलदस्ते में 6 लाल गुलाब, 3 सफेद गुलाब और 5 पीले गुलाब हैं। अगर तीन गुलाबों को बेतरतीब ढंग से उठा लिया जाता है, तो उनमें एक लाल गुलाब और 2 सफेद गुलाब होने की सम्भावना कितनी है?
(a) 9/14 (b) 19/182
(c) 1/2 (d) 9/182

**102.** निम्न संख्याओं के महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात करें।
30, 80, 50
(a) 10, 850 (b) 15, 850
(c) 10, 1200 (d) 15, 1200

**103.** नीचे दिए गए समीकरण में '$x$' का मान क्या है?
$1578 + 2324 + 7632 - 254 - 4672 - 39 = x$
(a) 6589 (b) 6655 (c) 6689 (d) 6569

**104.** एक ट्रेन एक खड़े हुए आदमी को 10 सेकण्ड में पार करती है और 105 मीटर की लम्बाई वाली एक सुरंग को 17 सेकण्ड में पार करती है। ट्रेन की गति का पता लगाएँ।
(a) 30 मीटर/सेकण्ड (b) 15 मीटर/सेकण्ड
(c) 20 मीटर/सेकण्ड (d) 12 मीटर/सेकण्ड

Adda247 | GET IT ON Google Play



**105.** यदि $A = \{6, 8, 10, 23, 56\}$ और $B = \{8, 23, 51, 56, 69\}$, तो $(A \cup B)$ और $(A \cap B)$ में क्रमशः अवयवों की संख्या ......... है

(a) 7, 3 (b) 6, 5 (c) 7, 7 (d) 3, 7

**106.** तीन उद्यान हैं। माली ने इन तीन बगीचों से तोडे गए फूलों को तौला और फूलों का औसत वजन 32 किलो था। बाद में यह पाया गया कि एक उद्यान से फूलों का वजन गलती से 24 किलो के बजाय 21 किलो लिया गया था। सही औसत ज्ञात करें।

(a) 28 किलो (b) 35 किलो
(c) 33 किलो (d) 30 किलो

**107.** प्रश्न चिह्न की जगह पर क्या आना चाहिए?

$7\frac{4}{5} - 3\frac{1}{4} + 2\frac{1}{5} - 4\frac{2}{4} = ?$

| | | | |
|---|---|---|---|
| $3\frac{1}{4}$ | $2\frac{1}{4}$ | $1\frac{1}{4}$ | $1\frac{1}{2}$ |
| (a) | (b) | (c) | (d) |

**108.** एक संख्या के 70% और दूसरी संख्या के 30% का योग 360 है। यदि इन दो संख्याओं के योग का 20%, 160 है, तो दूसरी संख्या का 2/5 हिस्सा क्या है?

(a) 500 (b) 300 (c) 400 (d) 200

**109.** $P$ और $Q$ एक साथ 9 दिनों में एक काम को पूरा कर सकते हैं, $Q$ और $R$ एक साथ 12 दिनों में उसी काम को पूरा कर सकते हैं और $P$ और $R$ एक साथ 18 दिनों में उसी काम को पूरा कर सकते हैं। यदि $P, Q$ और $R$ एक साथ काम करते हैं, तो उसी काम को पूरा करने के लिए कितने दिनों की आवश्यकता होगी?

(a) 4 (b) 8 (c) 2 (d) 10

**110.** एक बर्तन में 3 : 1 के अनुपात में दूध और पानी है। अगर इस मिश्रण में 3 लीटर पानी डाला जाता है, तो दूध और पानी का अनुपात 2 : 1 बन जाता है। बर्तन में दूध की शुरुआती मात्रा का पता लगाएँ।

(a) 20 लीटर (b) 12 लीटर (c) 18 लीटर (d) 16 लीटर

**111.** एक गाँव में साक्षर लोगों और निरक्षर लोगों का अनुपात 8 : 9 है। अगर गाँव में साक्षर लोगों की संख्या 256 है तो गाँव में निरक्षर लोगों की कुल संख्या कितनी हैं?

(a) 245 (b) 197 (c) 310 (d) 288

**112.** नीचे दिए गए समीकरण में '$x$' का मान क्या है?

$$99 \times 98 + 85 \div 17 \times 13 - (12)^2 = x$$

(a) 9623 (b) 9723 (c) 9632 (d) 9823

**113.** एक दुकानदार चावल की कीमत को लागत मूल्य से 20% ऊपर अंकित करता है और ग्राहक को 15% की छूट देता है। इसके अलावा बिक्री के समय, वह 1 किलोग्राम के बजाय 850 ग्राम के बाट का उपयोग करता है। इस लेन-देन में उसका समग्र लाभ प्रतिशत ज्ञात करें।

(a) 11.11% (b) 20.00% (c) 9.09% (d) 15.00%

**114.** नीचे दिए गए द्विघात सीमकरणों को हल करें और $p$ और $q$ के बीच का सम्बन्ध ज्ञात करें—

I. $2p^2 + 5p + 3 = 0$ II. $q^2 + 4q + 4 = 0$

(a) $p = q$ (b) $p < q$ (c) $p \le q$ (d) $p > q$

**115.** दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य उनके महत्तम समापवर्तक का 25 गुना है। यदि दो संख्याओं का गुणनफल 16900 है, तो उनका लघुत्तम समापवर्त्य क्या है?

(a) 556 (b) 650 (c) 580 (d) 641

**116.** यदि 8 महिलाएँ दिन में 12 घण्टे काम करके 20 दिनों में एक काम को पूरा कर सकती हैं, तो प्रतिदिन 2 घण्टे काम करके 30 दिनों में कितनी महिलाएँ उसी काम को पूरा कर सकती हैं?

(a) 30 (b) 32 (c) 20 (d) 16

**117.** 24 मीटर की भुजा वाले सम चतुष्फलक के आयतन का पता लगाएँ।

(a) $1151\sqrt{2}\ m^3$ (b) $1622\sqrt{2}\ m^3$
(c) $1152\sqrt{2}\ m^3$ (d) $1162\sqrt{2}\ m^3$

**118.** अगर किसी वर्ष का 17 सितम्बर एक रविवार होता है, तो पिछले महीने उसी तिथि को क्या दिन था?

(a) सोमवार (b) बुधवार (c) मंगलवार (d) गुरुवार

**119.** निम्न डेटा समुच्चय के माध्यिका और बहुलक क्या हैं?

16, 10, 7, 7, 7, 22, 54, 17, 21

(a) 16, 16 (b) 7, 18 (c) 7, 7 (d) 16, 7

**120.** कार $A$ और कार $B$ की गति 4 : 3 के अनुपात में है। यदि कार $A$ 12 घण्टे में 480 किमी की दूरी तय करती है, तो 900 किमी की दूरी तय करने के लिए कार $B$ द्वारा लिया गया समय ज्ञात करें।

(a) 30 घण्टे (b) 60 घण्टे
(c) 24 घण्टे (d) 42 घण्टे

## भाग 4 मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता/तार्किक परीक्षण

**121.** एक कोड विशेष में, MARUTHI को JYQUUJL के रूप में कोडित किया जाता है। उस कोड भाषा में NASSAIN को किस रूप में कोडित किया जाएगा?

(a) LYRSBKQ (b) KYRSBQK
(c) KYRSBKQ (d) KYSRBKQ

**122.** नीचे दिया गया प्रश्न एक कथन से बना है, उसके बाद दो पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं। आपको कथन में हर चीज को सत्य मानकर चलना है और दोनों पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है कि इनमें से कौन-सा कथन में अन्तर्निहित है।

**कथन :** बस से बाहर अपना हाथ या सिर मत निकालो। सार्वजनिक यातायात में एक चेतावनी।

**पूर्वानुमान :**

I. वाहन से बाहर झाँकना या हाथ निकालकर हिलाना खतरनाक होता है।

II. लोग इस तरह की चेतावनी की परवाह नहीं करते।

(a) केवल पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है।
(b) या तो पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है या पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है।

Adda247

GET IT ON Google Play



(c) केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है।
(d) न तो पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है न पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है।

**123. एक रसायन विज्ञान प्रयोगशाला में एक ही विशिष्ट गुरुत्व के सील किए हुए तरल पदार्थ वाले 30 समान बिना अंकित फ्लास्क रखे हैं। एक छात्रा स्मृति, मूल फ्लास्कों के समान दिखने वाला एक फ्लास्क लाती है, और उसे अन्य फ्लास्कों के साथ रख देती है। फ्लास्कों को देखकर, अलग दिखने वाले फ्लास्क को खोजना असम्भव लगता है। लेकिन फिर प्रयोगशाला सहायक ने स्मृति से कहा कि अलग दिखने वाले फ्लास्क में तरल का विशिष्ट गुरुत्व थोड़ा अधिक है। वह स्मृति को अलग दिखने वाले फ्लास्क का पता लगाने के लिए एक भौतिक सन्तुलन देता है और प्रयोगशाला से चला जाता है। क्या आप स्मृति को बता सकते हैं कि उसे अपना काम करने के लिए न्यूनतम कितनी बार सन्तुलन का उपयोग करना चाहिए?**
(a) 5 (b) 4 (c) 7 (d) 8

**124. प्रीति ने अपने दोस्तों से एक पहेली पूछी, जब मैं सकूल के लिए तैयार हो रही थी, तो एक आदमी हमारे घर आया था। मेरी माँ उसे देखकर आश्चर्यचकित थीं। मैंने अपनी माँ से पूछा ''वह कौन है?'' मेरी माँ ने जवाब दिया ''वह मेरे दादा की पत्नी के इकलौते बच्चे की इकलौती बेटी का इकलौता भाई है।'' उसका मेरी माँ और मुझसे क्या रिश्ता है?**
(a) पति और पिता (b) पुत्र और भाई
(c) भाई और मामा (d) चचेरा भाई और मौसा

**125. दी गई श्रृंखला में अगली संख्या क्या होगी?**
**6, 67, 211, 519, ?**
(a) 989 (b) 781 (c) 638 (d) 872

**126. उस विकल्प को चुनें जहाँ पहले कथन में दूसरे का अर्थ अन्तर्निहित है। यदि बच्चा भूखा है तो वो रोएगा। (A) मेरा बच्चा भूखा है। (B) मेरा बच्चा रो रहा है। (C) मेरा बच्चा खेल रहा है। (D) बच्चा भूखा नहीं है।**
(a) BC (b) CA
(c) AB (d) CD

**127. मैं अपने घर से चलता हूँ, जिसका मुख दक्षिण की ओर है और 180° दक्षिणावर्त घूम जाता हूँ और पार्क में पहुँचने के लिए 8 किमी चलता हूँ। वहाँ से मैं 90° वामावर्त घूम जाता हूँ और बैंक पहुँचने के लिए 6 किमी चलता हूँ। घर और बैंक के बीच सबसे छोटी दूरी कितनी होगी?**
(a) 12 किमी (b) 14 किमी
(c) 15 किमी (d) 10 किमी

**निर्देश (प्र. सं. 128-130) :** निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। एक संख्या व्यवस्था मशीन को जब शब्दों और संख्याओं का इनपुट दिया जाता है, तो वो किसी विशेष नियम का अनुसरण करते हुए प्रत्येक चरण में उनका पुनर्विन्यास करती है। निम्नलिखित इनपुट और इसके पुनर्विन्यास का एक उदाहरण है-
(सभी संख्याएँ दो अंक संख्याएँ हैं)।

**इनपुट :** 38 micro alpha 18 26 beta tiny delta 43 75 89 gamma nano 11
**चरण I.** alpha 11 38 micro 18 26 beta tiny delta 43 75 89 gamma nano
**चरण II.** beta 18 alpha 11 38 micro 26 tiny delta 43 75 89 gamma nano
**चरण III.** delta 26 beta 18 alpha 11 38 micro tiny 43 75 89 gamma nano
**चरण IV.** gamma 38 delta 26 beta 18 alpha 11 micro tiny 43 75 89 nano
**चरण V.** micro 43 gamma 38 delta 26 beta 18 alpha 11 tiny 75 89 nano
**चरण VI.** nano 75 micro 43 gamma 38 delta 26 beta 18 alpha 11 tiny 89
**चरण VII.** tiny 89 nano 75 micro 43 gamma 38 delta 26 beta 18 alpha 11
**चरण VII.** उपरोक्त इनपुट के उपरोक्त पुनर्विन्यास का अन्तिम चरण है।

**128. उपरोक्त चरण में पालन किए गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के लिए निम्न आउटपुट कौन-सी चरण संख्या है?**
"exist 29 alien 13 power giant 34 47 93 sight 59 67 orion many"
**इनपुट :** "29 power giant alien 34 47 93 sight exist 59 67 13 orion many"
(a) चरण III (b) चरण II (c) चरण IV (d) चरण V

**129. उपरोक्त चरण में पालन किए गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के लिए कौन-सा तत्त्व चरण V में दाएँ छोर से छठे तत्त्व के बाएँ से चौथा है?**
**इनपुट :** 29 power giant alien 34 47 93 sight exist 59 67 13 orion many
(a) 47 (b) giant (c) exist (d) 34

**130. उपरोक्त चरण में पालन किए गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के लिए अन्तिम चरण में '93' and 'exist' के बीच में कितने तत्व (शब्द या संख्याएँ) हैं?**
**इनपुट :** 29 power giant alien 34 47 93 sight exist 59 67 13 orion many
(a) सात (b) छः (c) आठ (d) पाँच

**निर्देश (प्र. सं. 131-133) :** नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें।

एक वीसी फर्म एक रीयालिटी टीवी शो के माध्यम से एक नयी कम्पनी में पैसा निवेश करने की योजना बना रही है; संस्थापक निम्नलिखित शर्तें पूरी करता हो। (A) उसकी उम्र 01.09.2017 को 35 वर्ष से अधिक न हो। (B) उसने 60% अंकों से स्नातक की डिग्री प्राप्त की हो। (C) उसने प्रबन्धन में श्रेणी ए संस्थान से स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की हो। (D) ईकॉमर्स में उसके पास स्टार्ट-अप हो। (E) उसके पास 5 वर्ष का प्रबन्धकीय अनुभव हो। यदि कोई उम्मीदवार उपरोक्त मानदंडों को पूरा करता है, सिवाय: I. उपर्युक्त (A) के, लेकिन उसके पास 7 वर्ष का प्रबन्धकीय अनुभव है, तो मामले को निदेशक मण्डल के पास भेजा जाएगा। II. उपर्युक्त (D) के, लेकिन अपने 5 करोड़ रुपये लगाने को तैयार है, तो मामले को बोर्ड अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा।

**131. निम्नलिखित प्रश्न में, स्टार्ट-अप ''आई-सेल'' के संस्थापक का ब्यौरा दिया गया है। आपको तय करना है कि स्टार्ट-अप को निधि मिलेगी या नहीं। प्रवीण 1985 में पैदा हुआ और उसने कम्प्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग में 85% की विशिष्टता सहित स्नातक किया है। उसने ए श्रेणी के संस्थान से एमबीए किया है। उसने 2010 से 2016 तक एक प्रतिष्ठित कम्पनी में उत्पाद**

Adda247
GET IT ON Google Play




**प्रबन्धक के रूप में कार्य किया है। अब, जेफ से प्रेरित होकर उसने एक ई-कॉमर्स कम्पनी शुरू की है।**
(a) मामले को निदेशक मण्डल के पास भेजा जाना चाहिए।
(b) आई-सेल में निधि नहीं लगाई जानी चाहिए।
(c) आई-सेल में निधि लगाई जानी चाहिए।
(d) मामले को बोर्ड अध्यक्ष के पास भेजा जाना चाहिए।

**132. निम्नलिखित प्रश्न में, स्टार्ट-अप ''प्रकाश लैब्स'' के संस्थापक का ब्यौरा दिया गया है। आपको तय करना है कि स्टार्ट-अप को निधि मिलनी चाहिए या नहीं। 1989 में पैदा हुए कौशिक ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास से विशिष्टता के साथ कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने ग्रेड ए संस्थान से एमबीए किया। उन्होंने 5 वर्षों के लिए एक प्रतिष्ठित फर्म में उत्पाद प्रबन्धक के रूप में काम किया। अब शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने की प्रतिबद्धता के साथ, उन्होंने ''प्रकाश लैब्स'' शुरू किया है, जो कि एक ई-कॉमर्स स्टार्ट-अप है।**
(a) मामले को निदेशक मण्डल के पास भेजा जाना चाहिए।
(b) प्रकाश लैब्स में निधि लगाई जानी चाहिए।
(c) मामले को बार्ड अध्यक्ष के पास भेजा जाना चाहिए।
(d) प्रकाश लैब्स में निधि नहीं लगाई जानी चाहिए।

**133. निम्नलिखित प्रश्न में स्टार्ट-अप ''टेक्नोक्रैट'' के संस्थापक का ब्यौरा दिया गया है। आपको तय करना है कि स्टार्ट-अप को निधि मिलनी चाहिए या नहीं। सुजॉय एक 37 साल का व्यवसायी है। उनकी कम्पनी ''टेक्नोक्रैट'' इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को ऑनलाइन बेचने का कार्य करती है। उन्होंने 9 वर्षों के लिए एक प्रतिष्ठित कम्पनी में काम किया है। स्नातक होने तक उन्हें हमेशा 85% से अधिक अंक मिलते रहे हैं। उन्होंने प्रबन्ध में अपनी स्नातकोत्तर की डिग्री भारत के दूसरे सबसे अच्छे प्रबन्धन कॉलेज से हासिल की है।**
(a) मामले को निदेशक मण्डल के पास भेजा जाना चाहिए
(b) टेक्नोक्रैट में निधि लगाई जानी चाहिए।
(c) टेक्नोक्रैट में निधि नहीं लगाई जानी चाहिए।
(d) मामले को बार्ड अध्यक्ष के पास भेजा जाना चाहिए।

**134. निम्नलिखित कथन को पढ़ें और उत्तर दें कि निम्न में से कौन-सा तर्क अधिक मजबूत है।**
**कथन :** प्रदूषण के लिए अधिक जनसंख्या से ज्यादा आर्थिक राजनैतिक और प्रौद्योगिकी कारण जिम्मेदार हैं।
**तर्क :**
I. प्रदूषण और उत्सर्जन का सम्बन्ध खपत से है, मात्र जनसंख्या से नहीं।
II. भले ही निर्धन देशों में प्रदूषण फैल रहा हो, इसका एक बड़ा भाग इस उपभोक्ता माँग को पूरी करने के लिए है।
(a) I और II दोनों तर्क मिलकर मजबूत हैं।
(b) या तो तर्क I मजबूत है या तर्क II मजबूत है।
(c) केवल तर्क II मजबूत है।
(d) केवल तर्क I मजबूत है।

**135. जो दिए गए विकल्पों से भिन्न है उसका चयन करें।**



1 2 3 4 5


(a) 5 (b) 2 (c) 4 (d) 3

**136. निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन हैं और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II हैं। निष्कर्षों को पढ़ें और तय करें कि कौन-सा निष्कर्ष कथन का अनुसरण करता है।**
**कथन :** कुछ घंटियाँ क्रिसमस होती हैं। कोई क्रिसमस रोशनी नहीं होती।
**निष्कर्ष :** I. सभी रोशनी घंटियाँ हों, ये एक सम्भावना है।
II. सभी घंटियाँ रोशनी हैं।
(a) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।
(b) या तो निष्कर्ष I अनुसरण करता है या निष्कर्ष II
(c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(d) न तो निष्कर्ष I अनुसरण करता है न निष्कर्ष II

**137. निम्नलिखित प्रश्न में, विकल्प का पता लगाएँ जो प्रश्न चिह्न के स्थान पर आएगा।**
**1090 : 530 : : 170 : ?**
(a) 12 (b) 17 (c) 10 (d) 16

**138. एक व्यक्ति घर से दफ्तर के लिए निकलता है। वह 10 किमी दक्षिण की ओर चलता है और फिर बाएँ घूम जाता है और 15 किमी चलता है, अब वो फिर बाएँ घूम जाता है और 10 किमी चलता है और अपने दफ्तर पहुँचता है। उसके घर से उसका दफ्तर किस दिशा में है?**
(a) दक्षिण (b) पूर्व (c) उत्तर (d) पश्चिम

**139. निम्नलिखित में से कौन-सा मुड़ा हुआ पारदर्शी कागज, खोलने के बाद दिखाए गए चित्र जैसा दिखाई देगा?**
As **R** is related to **ᴚ**, **e** is related to





(a) (b) (c) (d)

**140. दिए गए विकल्पों में से असंगत को ढूँढें।**
**A, D, I, T, K, Z**
(a) I (b) D (c) T (d) K

**141. रवि का भाई राजू, रामू का पुत्र है जो राधा का भाई है। राधा का राजू से क्या रिश्ता है?**
(a) बुआ (b) बहन
(c) माता (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**142. निम्नलिखित में से कौन-सा मुड़ा हुआ पारदर्शी कागज, खोलने के बाद दिखाए गए चित्र जैसा दिखाई देगा?**





(a) (b) (c) (d)

Adda247
GET IT ON Google Play



**143. निम्नलिखित प्रश्न में, विकल्प का पता लगाएँ जो प्रश्न चिह्न के स्थान पर आएगा।**

7 : 42 : : 11 : ?

(a) 80 (b) 90 (c) 110 (d) 120

**144. नीचे दिया गया प्रश्न दो कथनों से मिलकर बना है जिन्हें I और II के रूपा में अंकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दिए गए डेटा दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें। पाँच व्यक्ति A, B, C, D और E उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। B बीच में बैठा है। पंक्ति के दोनों छोरों पर कौन बैठेगा?**

I. C, A की दायीं ओर बिल्कुल बगल में बैठा है जो B की दायीं ओर बिल्कुल बगल में बैठा है।

II. D, B की बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

(a) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्त देने के लिए पर्याप्त हैं।

(b) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(c) कथन II में दिया गया डेटा ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(d) कथन I में दिया गया डेटा ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**145. नीचे दिया गया प्रश्न एक कथन से बना है, उसके बाद दो पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं। आपको कथन में हर चीज को सत्य मानकर चलना है और दोनों पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है कि इनमें से कौन-सा कथन में अन्तर्निहित है।**

**कथन :** साक्षात्कार के लिए संक्षिप्तसूची में रखे गए एक उम्मीदवार को लिखे एक पत्र में एक वाक्य था—केवल दूसरे शहर से यात्रा करके आए उम्मीदवारों को ही दूसरी श्रेणी के रेलवे किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

**पूर्वानुमान :**

I. यदि स्पष्ट न किया जाए तो सभी उम्मीदवार यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति का दावा कर सकते हैं।

II. बहुत से संगठन साक्षात्कार के लिए बाहर से आए उम्मीदवारों को यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति करते हैं।

(a) पूर्वानुमान I और II दोनों अन्तर्निहित हैं।

(b) केवल पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है।

(c) केवल पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है।

(d) या तो पूर्वानुमान I अन्तर्निहित है या पूर्वानुमान II अन्तर्निहित है।

**146. एक कोड विशेष में, POLITICIAN को JMPQJUOBJD के रूप में कोडित किया जाता है। उस भाषा MIGRATION को किस रूप में कोडित किया जाएगा?**


(a) SHJNMONU


(b) SHJNBPOJU

(c) SJHNUTEDS

(d) SHJNBOPJU

**147. खुले घन को मानसिक रूप से मोड़ें और मुड़े हुए घनों से उसकी तुलना करें। उसे ढूँढ़े जिससे मेल खाता हो।**





(a) (b) (c) (d)

**148. ''यदि अरविन्द कोई फिल्म साइन करता है तो उसका निर्देशन प्रवीण करेगा और राम कुमार उसका निर्माण करेगा।'' एक सही कथन है। कौन-सा निष्कर्ष उपयुक्त है?**

(a) राम कुमार रन-2 के निर्माता हैं। अरविन्द ने फिल्म साइन नहीं की है।

(b) अरविन्द ने रन-2 साइन की है, प्रवीण निर्देशक है

(c) राम कुमार रन-2 के निर्माता हैं, प्रवीण निर्देशक है।

(d) प्रवीण रन-2 का निर्देशन कर रहा है, राम कुमार निर्माता हैं।

**149. निम्नलिखित प्रश्न में तीन कथन हैं और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II हैं। निष्कर्षों को पढ़ें और तय करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का अनुसरण करता/करते है/हैं।**

**कथन :** कुछ मक्खियाँ मच्छर होती हैं।
सभी मक्खियाँ तितली होती हैं।
सभी तितलियाँ कीटडिंभ (लार्वा) होती हैं।

**निष्कर्ष :** I. सभी मक्खियाँ कीटडिंभ (लार्वा) होती हैं।
II. कुछ कीटडिंभ (लार्वा) मच्छर होते हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) I और II दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(d) निष्कर्ष I और II दोनों में से कोई एक निष्कर्ष अनुसरण करता है।

**150. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए विकल्पों से भिन्न है।**

(a) मॉनीटर (b) सीपीयू (c) माउस (d) मॉडम

**151. नीचे दिया गया प्रश्न दो कथनों से मिलकर बना है, जिन्हें I और II के रूप में अंकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दिए गए डेटा दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें। C का A से क्या रिश्ता है?**

**कथन :** I. A के केवल दो पुत्र हैं।
II. B का भाई है।

(a) कथन II में दिया गया डेटा ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(b) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

(c) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

(d) कथन I में दिया गया डेटा ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Adda247
GET IT ON Google Play



**152. एक कोड विशेष में, RISE को 8695 के रूप में, ANIME को 04635 के रूप में और JERRY को 25887 के रूप में कोडित किया जाता है। JASMINE को किस रूप में कोडित किया जाएगा?**
(a) 2903645 (b) 2094645
(c) 2093645 (d) 2096345

**153. पाँच युवाओं को उनके विद्वत्ता स्तर को जानने के लिए मानसिक परीक्षण हेतु भेजा गया। मानसिक रिपोर्ट में यह आया है कि फहीम, जोई से कम बुद्धिमान है, शाम ध्रुव से कम बुद्धिमान है, जोई शाम से कम बुद्धिमान है और फहीम अनु से अधिक बुद्धिमान है। उनमें सबसे अधिक बुद्धिमान कौन है?**
(a) शाम (b) फहीम
(c) ध्रुव (d) शाम या ध्रुव में से एक

**154. तस्वीर में एक महिला की ओर इशारा करते हुए एक लड़के ने कहा, ''यह महिला मेरे पिता के ससुर की पत्नी की एकमात्र बेटी है।'' तस्वीर वाली महिला लड़के की क्या लगती है?**
(a) पत्नी (b) बहन (c) चचेरी बहन (d) माता

**155. दी गई श्रृंखला में अगला शब्द क्या होगा?**
**AFGM, BHFK, CJEI,?**
(a) DFGH (b) DLCG
(c) DFHI (d) DLDG

**156. एक व्यक्ति पूर्व की ओर मुख किए चलना शुरू करता है और 20 किमी चलता है। वहाँ से वह 135° वामावर्त घूम गया और 10 किमी चला, वह फिर 45° दक्षिणावर्त घूम गया। अब उसका मुख किस दिशा में है?**
(a) दक्षिण (b) पूर्व-पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण-पश्चिम

**157. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए विकल्पों से भिन्न है।**
(a) अनुमिति (b) सारांश
(c) निष्कर्ष (d) आधारिका

**158. निम्नलिखित कथन को पढ़ें और उत्तर दें कि निम्न में से कौन-सा तर्क मजबूत है।**
**कथन :** क्या युवाओं को फिल्मी सितारों से प्रेरणा लेनी चाहिए?
**तर्क :** I. हाँ, वे पर्दे पर और पर्दे से बाहर एक जबर्दस्त प्रेरणा होते हैं।
II. नहीं, प्रेरणा के लिए वे अनुपयुक्त पसंद हैं।
(a) केवल तर्क II मजबूत है।
(b) या तो तर्क I मजबूत है या तर्क II मजबूत है।
(c) केवल तर्क I मजबूत है।
(d) न तो तर्क I मजबूत है न तर्क II मजबूत है।

**159. दिए गए विकल्पों में से असंगत को ढूँढ़े।**
**582, 612, 594, 624, 606, 638, 618**
(a) 618 (b) 638
(c) 612 (d) 594

**160. नीचे दिया गया प्रश्न दो कथनों से मिलकर बना है जिन्हें I और II के रूप में अंकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दिए गए डेटा दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें।**
**कथन :** सरिता ने 2017 में किस तारीख को अपना जन्मदिन मनाया?
**तर्क :** I. उसने 2012 में रविवार को अपना जन्मदिन मनाया।
II. उसका जन्मदिन फरवरी के महीने में आता है।
(a) कथन I में दिया गया डेटा ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
(b) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(c) कथन I में दिया गया डेटा ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(d) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (c) | **2.** (b) | **3.** (d) | **4.** (c) | **5.** (c) | **6.** (b) | **7.** (c) | **8.** (c) | **9.** (b) | **10.** (d) |
| **11.** (d) | **12.** (b) | **13.** (c) | **14.** (d) | **15.** (d) | **16.** (c) | **17.** (d) | **18.** (c) | **19.** (c) | **20.** (a) |
| **21.** (c) | **22.** (a) | **23.** (b) | **24.** (d) | **25.** (a) | **26.** (a) | **27.** (a) | **28.** (b) | **29.** (a) | **30.** (d) |
| **31.** (a) | **32.** (b) | **33.** (d) | **34.** (d) | **35.** (b) | **36.** (b) | **37.** (b) | **38.** (b) | **39.** (b) | **40.** (d) |
| **41.** (d) | **42.** (a) | **43.** (b) | **44.** (a) | **45.** (a) | **46.** (a) | **47.** (b) | **48.** (a) | **49.** (b) | **50.** (d) |
| **51.** (a) | **52.** (a) | **53.** (a) | **54.** (b) | **55.** (d) | **56.** (a) | **57.** (a) | **58.** (d) | **59.** (c) | **60.** (a) |
| **61.** (a) | **62.** (a) | **63.** (a) | **64.** (c) | **65.** (a) | **66.** (b) | **67.** (d) | **68.** (a) | **69.** (a) | **70.** (b) |
| **71.** (a) | **72.** (b) | **73.** (d) | **74.** (b) | **75.** (c) | **76.** (c) | **77.** (c) | **78.** (b) | **79.** (c) | **80.** (b) |
| **81.** (b) | **82.** (b) | **83.** (c) | **84.** (c) | **85.** (b) | **86.** (c) | **87.** (d) | **88.** (b) | **89.** (c) | **90.** (b) |
| **91.** (a) | **92.** (b) | **93.** (a) | **94.** (d) | **95.** (a) | **96.** (b) | **97.** (c) | **98.** (b) | **99.** (b) | **100.** (b) |
| **101.** (d) | **102.** (c) | **103.** (d) | **104.** (b) | **105.** (a) | **106.** (c) | **107.** (b) | **108.** (d) | **109.** (b) | **110.** (c) |
| **111.** (d) | **112.** (a) | **113.** (b) | **114.** (d) | **115.** (b) | **116.** (b) | **117.** (c) | **118.** (d) | **119.** (d) | **120.** (a) |
| **121.** (c) | **122.** (a) | **123.** (b) | **124.** (c) | **125.** (a) | **126.** (c) | **127.** (d) | **128.** (b) | **129.** (b) | **130.** (c) |
| **131.** (c) | **132.** (b) | **133.** (c) | **134.** (a) | **135.** (d) | **136.** (b) | **137.** (c) | **138.** (b) | **139.** (a) | **140.** (d) |
| **141.** (a) | **142.** (a) | **143.** (c) | **144.** (a) | **145.** (a) | **146.** (d) | **147.** (c) | **148.** (a) | **149.** (b) | **150.** (d) |
| **151.** (b) | **152.** (c) | **153.** (c) | **154.** (d) | **155.** (d) | **156.** (c) | **157.** (a) | **158.** (d) | **159.** (b) | **160.** (b) |